卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐 जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यःशोकवह्निं जनकात्मजायाः। आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्॥
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्। वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये॥

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त | हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

छोटी दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनायें

ॐ शरवणभव卐 ॐ शरवणभव卐 ॐ शरवणभव卐 ॐ शरवणभव卐

♦वर्ष 25 ♦अंक 24 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦30 अक्टूबर 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in





## गोरी नदी में समाई कार, एक की मौत

### कार में सवार अन्य लोग लापता, सर्च अभियान जारी

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। जौलजीबी -मुनस्यारी मार्ग पर मुनस्यारी से पिथौरागढ़ को जा रही एक कार बरम के निकट सड़क से अनियंत्रित होकर लगभग दो सौ मीटर गहरी खाई से होते हुए गोरी नदी में गिर गई। कार में सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई है। वाहन में सवार अन्य लोगों की जानकारी नहीं मिल सकी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों के साथ खोज और बचाव अभियान चलाया। जानकारी अनुसार मंगलवार देर शाम एक कार मुनस्यारी से पिथौरागढ़ की तरफ को जा रही थी। बरम कस्बे से लगभग डेढ़ सौ मीटर जौलजीबी की तरफ मोड पर



कार संख्या यूके 05 ए -6661 अनियंत्रित होकर दो मीटर गहरी खाई से होते हुए गोरी नदी में समा गई। वाहन के नदी में गिरते ही बरम के स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। कार से छिटके एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया। सूचना जौलजीबी पुलिस थाने को दी गई। सूचना मिलते ही जौलजीबी थाने से पुलिस और एसडीआरएफ के जवान मौके पर पहुंच गये। पुलिस और एसडीआरएफ ने ग्रामीणों के साथ रात में ही काफी देर तक तलाशी अभियान चलाया लेकिन कार में सवार कोई और व्यक्ति नहीं मिल पाया था। कार में अन्य लोगों के सवार होने की फिलहाल कोई जानकारी नहीं मिल सकी है।

## तेंदुए के हमले में तीन महिलाए घायल

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)।ग्राम सभा सलकोट में बुधवार सुबह एक तेंदुए ने घर में घुसकर तीन महिलाओं पर हमला करके उन्हें घायल कर दिया। महिलाओं



का जिला अस्पताल भर्ती कराया गया है। घटना से गांव में दहशत है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह लगभग 5 बजे तेंदुआ एक घर में घुस गया। तेंदुए के हमले में 50 वर्षीय पदमा देवी पत्नी कृष्णा राम, 40 वर्षीय कस्तूरा देवी पत्नी जीवन लाल और 30 वर्षीय मीना देवी पत्नी फकीर राम पर घायल हो गये। महिलाओं की चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके के पहुंचे और लोगों ने शोर मचाया तो तेंदुआ जंगल की ओर भाग गया। तीनों महिलाओं को जिला अस्पताल पिथौरागढ़ में भर्ती किया गया है। सूचना (शेष पृष्ठ सात पर)













## दुकान से हजारों का माल चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर के आर आर क्वार्टर स्थित सेनेटरी के गोदाम में सेंध लगाकर चोरों ने हजारों रूपये का सामान चोरी कर लिया। शातिर चोरों ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों के कनेक्शन भी काट दिये साथ ही डीवीआर के साथ भी



छेड़ छाड़ की। सूचना पर बाजार चौकी पुलिस ने मौका मुआयना कर छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक आर.आर. क्वार्टर में मयंक अरोड़ा पुत्र ओमप्रकाश अरोड़ा दा सैनिटरी हाउस के नाम से दुकान और गोदाम है। (शेष पृष्ठ सात पर)

## एसएसपी ने काशीपुर में सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा

काशीपुर(उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्र मंगलवार देर शाम व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए एक बार फिर से काशीपुर पहुंच गए। उन्होंने महाराणा प्रताप चौक से रतन रोड एवं मेन बाजार का जायजा लिया। एसएसपी ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस कर्मियों को रोशनी पर्व निर्विघ्न तरीके से संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने तल्ख लहजे में कहा कि दायित्वों में कोताही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गौरतलब है कि रोशनी पर्व दीपावली को निर्विघ्न तरीके से संपन्न कराने को लेकर प्रशासन ने अपनी व्यवस्था चाक-चौबंद कर ली है। मेन मार्केट, रत्न रोड, पोस्ट ऑफिस वाली



गली व नई सब्जी मंडी आदि महत्वपूर्ण स्थानों पर बड़े वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया है। इसके लिए पुलिस द्वारा बेरीकेटिंग लगाई गई है। इन्हीं तमाम व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए जिले के पुलिस कप्तान मणिकांत मिश्र एक बार फिर से मंगलवार की देर शाम काशीपुर पहुंच गए। उन्होंने महाराणा प्रताप चौक से मुख्य बाजार नगर पालिका बाजार बद्री भवन लकी कॉर्नर रतन रोड पोस्ट ऑफिस रोड तक पैदल मार्च करते हुए बाजार में जाम आदि लगने को लेकर पुलिस कर्मियों को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिलेभर में पुलिस दीपावली को निर्विघ्न संपन्न कराने के लिए अलर्ट मोड पर है। उन्होंने कहा कि जगह-जगह पर पुलिस एवं महिला पुलिस की सादी वर्दी में तैनाती की गई है। उन्होंने कहा कि व्यापारियों तथा महिलाओं की विशेष रूप से सुरक्षा पर नजर रखना होगा। उन्होंने कहा कि त्योहार के मद्देनजर पुलिस अपराधी व अवांछनीय तत्वों पर लगातार नजर रखेगी। उन्होंने क्षेत्रीय जनता से भी अपील किया कि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना अथवा संदिग्ध गतिविधियां दिखने पर तत्काल पुलिस को सूचित किया जाए। उन्होंने (शेष पृष्ठ सात पर)





# ऋषिकेश एम्स से शुरू हुई देश की पहली हेली एम्बुलेंस सेवा

## उत्तराखंड में हेली एम्बुलेंस सेवा दूर दराज के मरीजों के लिए जीवनदायनी बनेगी : धामी

ऋषिकेश(उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को धन्वंतरि जयंती के अवसर पर एम्स ऋषिकेश के जरिए देश की पहली हेली एम्बुलेंस सेवा का शुभारंभ किया। दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान में आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री ने देश भर के लिए कुल 12850 करोड़ लागत वाली स्वास्थ्य क्षेत्र की विभिन्न परियोजनाओं का शुभारंभ, उद्धाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी एम्स ऋषिकेश से इस कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि एम्स ऋषिकेश में हेली एम्बुलेंस सेवा शुरू होने से राज्य की स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत और आधुनिक बन सकेंगी। हेली एम्बुलेंस संकट के समय लोगों के लिए संजीवनी का काम करेगी। कई बार जहां सड़क मार्ग से पहुंचना संभव नहीं होता, हेली एम्बुलेंस ऐसे स्थानों पर भी आसानी से पहुंच कर लोगों की सहायता करेगी। मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड को हेली एम्बुलेंस और ड्रोन की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री जेपी नड्डा और नागर विमानन मंत्री श्री राम मोहन नायडू का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सेवा का राज्य को लंबे समय से इंतजार था। अब एम्स ऋषिकेश से देश की पहली सरकारी हेली एम्बुलेंस शुरू हो रही है। यह सेवा 108 एम्बुलेंस की तर्ज पर चलेगी। जिसके जरिए राज्य के कोने- कोने से मरीजों को एम्स लाया जा सकेगा। यह सेवा निशुल्क उपलब्ध होगी। सीएम ने कहा कि विषम भौगोलिक परिस्थितियों वाले राज्य में कई बार मरीज को बड़े अस्पताल तक पहुंचाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में सभी जीवनरक्षक सुविधा से युक्त हेली एम्बुलेंस दूर दराज के मरीजों के लिए जीवनदायनी का काम करेगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही इसका टोल फ्री नंबर जारी होगा। जिसे सभी 13 जिलों के जिला आपदा प्रबंधन कंट्रोल से जोड़ा जाएगा। किसी भी आपदा की स्थिति में जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय की सिफारिश पर तत्काल हेली एम्बुलेंस उपलब्ध कराएगी जाएगी। इसी तरह ड्रोन के प्रयोग से भी दूर दराज के क्षेत्रों से ब्लड सैम्पल लाने और दवा पहुंचाने में मदद मिलेगी। सीएम ने कहा कि ट्रायल के दौरान एम्स ऋषिकेश से टिहरी तक मात्र 30 मिनट में दवा पहुंचाई जा चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। देश के सभी क्षेत्रों में आज नवाचार हो रहे हैं। डिजिटल भुगतान के मामले में देश ने दुनिया के सामने नई लकीर खींची है। उन्होंने कहा कि आजादी के पहले 70 साल में महज सात एम्स खोले गए, लेकिन प्रधानमंत्री के नेतृत्व में अब एम्स की संख्या तीन गुना हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी तरह आयुष्मान योजना भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देन है। प्रदेश के लोगों को भी इस सेवा का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में योजना शुरु किए जाने के समय इस पर 40 से 50 करोड़ खर्च आने का अनुमान था, लेकिन अब इस पर 1 हजार करोड़ का खर्च आ रहा है। अब 70 साल से अधिक उम्र के लोगों को अतिरिक्त लाभ देने से उत्तराखण्ड के छह लाख बुजुर्गों को भी इसका लाभ मिलेगा। सीएम ने कहा कि प्रदेश सरकार प्रत्येक जिले में एक मेडिकल कॉलेज खोलने की दिशा में काम कर रही है। किच्छा में एम्स ऋषिकेश के सेटेलाइट सेंटर पर भी तेजी से काम चल रहा है। प्रदेश सरकार वर्तमान में 207 प्रकार की निशुल्क पैथोलॉजी जांच की सुविधा दे रही है, पर सरकार यहीं पर रुकने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में हवाई यातायात की सुविधा बढ़ाने में भी केंद्रीय नागर विमानन मंत्रालय का सहयोग मिल रहा है। केंद्रीय मंत्री ने जौलीग्रांट और पंतनगर एयपोर्ट के विस्तार के साथ ही आरसीएस योजना में पूरा सहयोग का आश्वासन दिया है। कार्यक्रम में केंद्रीय नागर विमान मंत्री श्री राम मोहन नायडू ने कहा कि हेली एम्बुलेंस का प्रयोग पहाड़ी राज्य के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। इसी तरह ड्रोन के जरिए भी एम्स की सेवाओं को घर-घर तक पहुंचाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार उत्तराखण्ड में हवाई सेवाओं को विस्तार देने का प्रयास कर रही है, ताकि देश विदेश के यात्री उत्तराखण्ड आकर यहां की शक्ति अनुभव कर सकें। 10 साल में उत्तराखण्ड में तेजी से विकास हुआ है। इस अवसर पर पूर्व सीएम और हरिद्वार सांसद श्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, वित्त मंत्री श्री प्रेमचंद अग्रवाल, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, एम्स की निदेशक प्रो. मीनू सिंह भी उपस्थित थे।



सीएम पुष्कर सिंह धामी ने पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी एवं पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के आवास जाकर उन्हें दीपावली और धनतेरस की शुभकामनायें दी।



# मुख्य सचिव ने जिलाधिकारियों को दिए निर्देश

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने मंगलवार को सचिवालय में राज्य स्थापना सप्ताह के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान मुख्य सचिव ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के विजन के अनुरूप इस वर्ष राज्य स्थापना दिवस का राज्य स्तर तथा जनपद स्तर पर भव्य आयोजन किया जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि इस वर्ष उत्तराखण्ड राज्य स्थापना के 24 वर्ष पूरे हो जाएंगे तथा 25वीं रजत जयन्ती की शुरूआत हो जाएगी। इसलिए प्रदेशवासियों के लिए इसका विशेष महत्व है। मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुरूप उत्तराखण्ड के जनमानस, अन्य प्रदेशों व विदेश में रहने वाले प्रवासियों तथा उत्तराखण्ड के विकास में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष भागीदार बनने वाले सभी लोगों को देवभूमि रजतोत्सव में भागीदार बनाया जाए।उन्होंने कहा कि इस वर्ष राज्य स्थापना दिवस 9 नवम्बर 2024 से, अगले वर्ष 9 नवम्बर 2025 तक पूरे वर्ष मनाये जाने वाले ''देवभूमि रजतोत्सव'' की शुरूआत की जाएगी। इस वर्ष राज्य स्थापना दिवस का आयोजन 6 नवम्बर से आरम्भ होकर सप्ताह भर तक किये जाने का प्रस्ताव है। जिसकी शुरूआत नई दिल्ली में उत्तराखण्ड सदन के शुभारम्भ, दिल्ली में रहने वाले विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत



उत्तराखण्ड मूल के अधिकारियों, कार्मिकों व प्रवासियों की भागीदारी से आयोजित किए जाने का प्रस्ताव है। सीएस ने कहा कि इसके अगले क्रम में प्रवासी उत्तराखण्ड सम्मेलन के आयोजन, भव्य खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण की थीम पर विशेष उत्सव का आयोजन, जरूरतमंदों के लिए बहुद्देशीय शिविरों का आयोजन, मलिन बस्तियों में स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों का अयोजन, दिव्यांगों के लिए विशेष कार्यक्रम, विभिन्न सम्मान व पुरस्कार वितरण कार्यक्रमों का आयोजन, राज्य आन्दोलकारियों व शहीदों की गौरवगाथा जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।उन्होंने 24 वर्षों में राज्य की उपलब्धियों एवं विकास की संभावनाओं पर स्कूल व कॉलेज स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर इसमें युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सीएस ने इसमें प्रदेश के सभी वर्गों, विशेष रूप से महिलाओं, स्कूली बच्चों व युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने मण्डल तथा जिला स्तर पर भी राज्य स्थापना दिवस को भव्यता से आयोजित किए जाने हेतु विशेष तैयारियों के निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में सचिव श्री विनय शंकर पांडेय, श्री दीपेंद्र कुमार चौधरी सहित सभी जिलाधिकारी वर्चुअल माध्यम से मौजूद रहे।

# केदारनाथ में यात्रियों को लेकर जा रहे हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग

रूद्रप्रयाग। केदारनाथ में हिमालयन हेली के एक हेलिकॉप्टर की आपातकालीन लैंडिंग करानी पड़ी। हेलिकॉप्टर केदारघाटी से यात्रियों को लेकर केदारनाथ पहुंचा था, लेकिन लैंड करने से पहले ही इंजन के पास से धुआं निकलने लगा। इस कारण पायलट को इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। हेलिकॉप्टर में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं। मंगलवार दोपहर 12.40 बजे शेरसी हेलिपैड से हिमालयन हेली का हेलिकॉप्टर यात्रियों को लेकर केदारनाथ के लिए रवाना हुआ। हेलिकॉप्टर जैसे ही एमआई-26 हेलिपैड के नजदीक पहुंचा, उसके इंजन से धुंआ निकलने लगा। ऐसे में किसी अनहोनी की आशंका को देखते हुए पायलट ने इमरजेंसी लैंडिंग करा दी। इसके बाद हेलिकॉप्टर पर सवार सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। इधर हेलिकॉप्टर सेवा के नोडल अधिकारी व जिला पर्यटन व साहसिक खेल अधिकारी राहुल चौबे ने बताया कि घटना के बारे डीजीसीए और यूकाडा को जानकारी दे दी दी गई है। बुधवार को संभवतः तकनीकी दल केदारनाथ पहुंचकर हेलिकॉप्टर का निरीक्षण करेगा। बता दें कि गत 24 मई को भी केदारनाथ में क्रिस्टल कंपनी के हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग हुई थी। बीते 30 अगस्त को इस खराब हेलिकॉप्टर को सेना का एमआई-17 हेलिकॉप्टर मरम्मत के लिए लटका कर ले जा रहा था। थारु कैंप के समीप एमआई-17 का संतुलन गड़बड़ाने पर पायलट ने इसे खाली स्थान पर गिरा दिया था। इससे पूर्व वर्ष 2022 में कपाट बंद होने से कुछ दिन पूर्व केदारनाथ में क्रिस्टल कंपनी का एक हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया था। इस हादसे में पायलट सहित सात लोगों की मौत हो गई थी।



## यज्ञ अनुष्ठान के साथ भुकुंड भैरवनाथ के कपाट हुए बंद

रूद्रप्रयाग। भगवान केदारनाथ के क्षेत्रपाल भगवान भुकुंट भैरवनाथ के कपाट मंगलवार को पूजा-अर्चना और यज्ञ-अनुष्ठान के साथ शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए हैं। केदारनाथ धाम के कपाट आगामी तीन नवंबर को भैयादूज के पर्व पर बंद किए जाएंगे। इसी दिन बाबा केदार की चल उत्सव विग्रह डोली धाम से शीतकालीन गद्दीस्थल के लिए प्रस्थान करते हुए रात्रि प्रवास के लिए रामपुर पहुंचेगी। चार नवंबर को डोली रामपुर से रात्रि प्रवास के लिए विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी पहुंचेगी और पांच नवंबर को शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में छह माह की शीतकालीन पूजा के लिए विराजमान हो जाएगी। मंगलवार को केदारनाथ धाम के मुख्य पुजारी शिव शंकर लिंग सहित अन्य हक-हकूकधारी दोपहर 11.30 बजे भैरवनाथ मंदिर पहुंचे। यहां पर आराध्य की विशेष पूजा-अर्चना की गई। साथ ही सभी धार्मिक परंपराओं का निर्वहन किया गया। इस मौके पर मुख्य पुजारी शिव शंकर लिंग ने परंपरानुसार सभी परंपराओं का निर्वहन करते हुए आराध्य भैरवनाथ जी का श्रृंगार करते हुए उन्हें भोग लगाया। इस मौके पर भगवान अपने पश्वा पर अवतरित हुए सुख-समृद्धि का आशीर्वाद दिया। इस मौके पर केदार सभा के अध्यक्ष राजकुमार तिवारी ने बताया कि भगवान भैरवनाथ के कपाट बंद होने के साथ ही बाबा केदार के कपाट बंद होने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। उन्होंने बताया कि भगवान भैरवनाथ केदारनाथ धाम की रक्षा करते हैं।



# विधायक शिव अरोरा ने मुख्य बाजार का किया पैदल भ्रमण

## दीपावली पर्व पर बाजार में छायी रौनक, विधायक ने ठेली वालों से खरीदे मिट्टी के दीये

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा ने दीपावली के अवसर पर मुख्य बाजार का पैदल भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। विधायक शिव अरोरा के निर्देश के बाद ठेली व्यवसायियों को बाजार में सफेद पट्टी के पीछे ठेली लगाने की मिली अनुमति पर लघु व्यापार मंडल और ठेला व्यापारियों ने विधायक शिव अरोरा का फूल माला व पुष्प वर्षा से स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा ने कहा कि ठेला व्यापारियों का दर्द जायज था उनको ठेली ना लगाने से भारी नुकसान होता। दिवाली के लिए वह माल लाये थे वह उम्मीद के मुताबिक बिक नहीं पाता। अब उनके चेहरे की खुशी देख कर मन को संतोष मिल रहा है। विधायक ने कहा कि एक गरीब के लिये उसकी आजीविका सबसे महत्वपूर्ण होती है। आज बाजार में व्यवस्था पूरी चाक चौबंद है। प्रशासन द्वारा अच्छी व्यवस्था की गई है और स्वयं मुझे देखने में आया है किसी प्रकार की जाम की स्थिति नहीं है। गाँधी पार्क में पार्किंग होने का बहुत बड़ा लाभ मिला है। विधायक शिव अरोरा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुहिम वॉकल फॉर लोकल को बढ़ावा देते हुए कुम्हार द्वारा बनाये गये दीये भी खरीदे। कहा कि हमको अपने देश में बने कुम्हार के दीये खरीदकर उनको प्रोत्साहित करना चाहिए। विधायक ने कहा कि दीपावली त्यौहार हिन्दुओं का सबसे बड़ा त्यौहार है।उन्होंने सभी के लिए खुशहली की कामना की। इस दौरान देवभूमि व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष गुरमीत सिंह, व्यापार मंडल महामंत्री मनोज छाबड़ा, कोषाध्यक्ष संदीप राव, सोनू अनेजा, सुनील ठुकराल, सुरेश शर्मा, किरन विर्क, मनोज मदान, राजेश कामरा, अशोक गुम्बर, विक्की घई, मयंक कक्कड़,राजेश गर्ग, बिट्टू चौहान, आदेश भरद्वाज, प्रीति धीर, अर्पित गूगलनी, वासु गुम्बर, सोनू वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।





# बड़े बकायेदारों से सख्ती से करें वसूली: डीएम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने मंगलवार को जिला सभागार में मासिक स्टाफ बैठक लेते हुए लम्बित वादों को त्वरित निस्तारण करने व राजस्व वसूली बढ़ाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए न्यायालयों में अभियोजन पक्ष द्वारा प्रभावी पैरवी तरीके से रखने के निर्देश दिये ताकि पीड़ितों को न्याय मिल सके। उन्होने कहा कि कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु पुलिस क्षेत्राधिकारी व उप जिलाधिकारी समन्वय बनाकर समय-समय पर रात्रि के समय क्षेत्रों में भ्रमण भी करें। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये कि महिला अपराध को रोकने हेतु प्रभावी कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु एआरटीओ व पुलिस विभाग प्रभावी कार्यवाही करें। जिलाधिकारी राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे उप जिलाधिकारी व तहसीलदारों के साथ समन्वय स्थापित कर आरसी का मिलान करते हुये वसूली को बढ़ाये व बड़े बकायेदारों से सूची बनाते हुए सख्ती से वसूली की जाये। उन्होंने खनन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्राप्त राजस्व वसूली लक्ष्य को समय से पूर्ण करें। उन्होंने आबकारी अधिकारी को कच्ची शराब व अवैध मदिरा बिक्री पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगाने हेतु नियमित छापेमारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि बैंको के आरसी देयको की वसूली की जाये तथा वसूली चार्ज भी जमा कराना सुनिश्चित करें। उन्होने सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुये समय से निस्तारण करें व शिकायतकर्ता से स्वयं वार्ता भी करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी, पंकज उपाध्याय, एसपी सिटी मनोज कत्याल, संयुक्त मजिस्ट्रेट आसिमा गोयल, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, गौरव चटवाल, राकेश तिवारी, कौस्तुभ मिश्र, रविन्द्र बिष्ट, रविन्द्र जुआठा, अभय प्रताप सिंह, ओसी कलैक्ट्रेट गौरव पाण्डे,डॉ. अमृता शर्मा, डीजीसी बरीत सिंह, मनोज तिवारी, उप निदेशक खनन अमित गौरव, अभिहित अधिकारी डॉ0 प्रकाश फुलारा, जिला आबकारी अधिकारी राजीव चौहान, एआरटीओ विमल पाण्डे, चक्रपाणी मिश्र सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।



# व्यापार मण्डल ने किया स्वागत

गदरपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड यशस्वी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तथा भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा के निर्देश पर दीपावली पर गदरपुर नगर पालिका क्षेत्र में मुख्य बाजार और सकैनिया रोड पर रोशनी की झालर लगाई गई जिसके उपरांत गदरपुर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों द्वारा गुंजन सुखीजा का स्वागत किया गया और फिर गुंजन सुखीजा ने व्यापार मंडल के पाधिकारियों के साथ बाजार में भ्रमण कर सभी व्यापारियों को दीपावली, धनतेरस,भैया दूज, गोवर्धन पूजा आदि त्योहारों की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रभु श्री राम के लंका विजय के उपरांत उनके घर आने पर बनाए जाने वाला यह त्यौहार अपने साथ खुशियां लेकर आता है,समृद्धि लेकर आता है और माता लक्ष्मी और भगवान गणेश जी के आशीर्वाद से इस बार गदरपुर नगर पालिका क्षेत्र में रोशनी की झालर लगाई गई है जिससे गदरपुर वासीयों की खुशी में चार चांद लग गए है।



# मायूस चेहरों पर मुस्कान बिखेर रही पुलिस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।अपर पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर गुमशुदा बच्चों, महिलाओं और पुरुषों की तलाश एवं पुनर्वास हेतु प्रदेश भर में चलाये जा रहे ऑपरेशन स्माइल अभियान के तहतर रूद्रपुर में पुलिस ने कई मायूस चेहरों पर मुस्कान लौटाई है। अभियान के तहत ऑपरेशन स्माइल टीम ने कोतवाली रुद्रपुर व थाना ट्रांजिट कैम्प व थाना किच्छा ऊधमसिहनगर में जाकर गुमशुदा गुमशुदाओं की तलाश हेतु रजिस्टर का भौतिक सत्यापन किया साथ ही गुमशुदा बच्चों के परिवार के साथ मिलकर और उनके बारे में जानकारी प्राप्त की। जिसमें थाना किच्छा में गुमशुदा आफरीन पुत्री मोहसिन निवासी वार्ड नंबर 13 छोटी मस्जिद कोतवाली किच्छा के घर जाकर परिजन से बात की गयी पता चला कि आफरीन घर से नाराज होकर अपनी बुआ के घर चली गई थी जिसे पुलिस ने बरामद कर परिवारजनों को सौंप दिया। इसके अलावा ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र से गुमशुदा 15 वर्षीरू उषा कुमारी निवासी वार्ड नंबर 38 आवास विकास के बारे में काफी खोजबीन करने के बाद पता चला कि उषा कुमारी अपनी सहेली के घर चली गई थी जहां से उसको सकुशल बरामद कर वादिनी पुतुल देवी को सुपुर्द किया गया। आपरेशन स्माईल टीम के प्रयासों की परिजनों ने सराहना की और उनका आभार व्यक्त किया। टीम में प्रभारी निरीक्षक जीतो कंबोज, अपर उप निरीक्षक अमित कुमार,हेड कांस्टेबल सुभाष चंद्र, कांस्टेबल राकेश खेतवाल , महिला कांस्टेबल ममता मेहरा आदि शामिल थे।



# डीएम ने किया ईको फ्रैंडली दिवाली मनाने का आहवान

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने सभी जनपदवासियों को दीपों के त्योहार दीपावली, धनतेरस, गोवर्धन पूजा व भैया दूज की हार्दिक बधाई देते हुए समस्त जनपदवासियों के बेहतर स्वास्थ्य, मंगलमय जीवन व उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जिलाधिकारी ने जनपद वासियों से अपील की कि सभी लोग खुशियों के त्योहार को अपने परिवार व बच्चों के साथ मनाए व आतिशबाजी व पटाखें चलाने के दौरान बच्चों पर अधिक ध्यान दें, उनके साथ रहें। उन्होंने सभी जनपद वासियों से ईको- फ्रैंडली दीपावली मनाने व एक दिया देश की समृद्धि के नाम जलाने की अपील की।जिलाधिकारी ने कहा कि यह वर्ष राज्य निर्माण का रजत जयंती वर्ष है, 25 अक्टूबर से 15 नवंबर तक स्वच्छता सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है उन्होंने सभी जनपदवासियों से इससे जुड़ने की अपील की व दीपावली के दौरान वोकल फॉर लोकल के तहत खरीददारी करने व स्वभाव स्वच्छता: संस्कार स्वच्छता थीम को अपनाते हुए दीपावली त्योहार मनाने की अपील की।



# सरस्वती शिशु मन्दिर के राजेश खनी ने जीता स्वर्ण पदक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मध्य प्रदेश में अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान विद्या भारतीय द्वारा आयोजित 35वीं राष्ट्रीय खेल-कूद प्रतियोगिता में उत्तराखण्ड का प्रतिनिधित्व करते हुए सरस्वती शिशु मन्दिर इण्टर कॉलेज के छात्र राजेश खनी ने 5000 मीटर पैदल दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इण्डियन में अपना स्थान सुनिश्चित किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य कैलाश चन्द्र त्रिपाठी और समस्त विद्यालय परिवार द्वारा राजेश खनी पुत्र गोपाल सिंह खनी का स्वागत करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि राजेश ने विद्यालय और अपने परिवार का गौरव बढ़ाया है। वहीं दीपावली की पूर्व संध्या पर विद्यालय में मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्री राम के 14 वर्ष वनवास के बाद अयोध्या आगमन पर शिशु वाटिका के छात्र-छात्राओं ने शोभा यात्रा निकाली। शोभायात्रा मन कामेश्वर मन्दिर, रविन्द्र नगर होते हुए वापस विद्यालय पहुंची। जिसमें नन्हें-मुन्हें भैया/बहिनों द्वारा जय श्री राम के उद्घोषों से वातावरण को भक्तिमय कर दिया।





# 77 वां तीन दिवसीय वार्षिक निरंकारी संत समागम 16 नवंबर से

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। हर वर्ष की तरह, इस वर्ष भी निरंकारी परिवार का 77वां वार्षिक संत समागम 16, 17 एवं 18 नवंबर 2024 को सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के सानिध्य में संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल, समालखा में आयोजित होने जा रहा है। आध्यात्मिकता का आधार लिए इस समागम पर प्रेम, शांति और मिशन के अनुयायियों ने बताया कि निरंकारी संत समागम मानवता का एक ऐसा दिव्य संगम होता है जहां धर्म, जाति, भाषा, प्रांत और अमीरी-गरीबी आदि के बंधनों से ऊपर उठकर सभी मर्यादित रूप से प्रेम और सौहार्द के साथ सेवा, सुमिरण और सत्संग करते हैं। इस तीन दिवसीय संत समागम में भक्ति के अनेक पहलुओं पर गीत, विचार और कविताओं आदि के माध्यम से भक्त अपने शुभ भाव प्रकट करेंगे। सतगुरु माता जी और निरंकारी राजपिता जी के प्रवचनों का अनमोल उपहार भी सभी को प्राप्त होगा। इस वर्ष सतगुरु माता जी ने समागम का विषय दिया है 'विस्तार, असीम की ओर'। सेवादल की वर्दी में भाई-बहन अनेक प्रकार की सेवाओं में रत्त हैं। संत निरंकारी मंडल के सचिव एवं समागम के समन्वयक जोगिन्दर सुखीजा ने बताया की सभी संतों के लिए सभी मूलभूत सेवाओं की तैयारी की जा रही है।


दीपावली
की हार्दिक बधाई
पुष्कर राज जैन
प्रदेश महामंत्री
उत्तराखण्ड कांग्रेस कमेटी


समस्त रामभक्तों को प्रकाश
व उल्लास के महापर्व दीपावली
की बहुत-बहुत बधाई
व शुभकामनाएं
हम सब पर प्रभु राम
जी की कृपा बनी रहे।
रामभक्त
सुशील गाबा


Dr. Ruby Vikas Arora
Arora Pathology Lab, Rudrapur


समस्त क्षेत्रवासियों को
दीपावली
पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
पंकज बांगा


नगरवासियों को दीपावली पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
अमित अवस्थी
सांवरिया प्रोपर्टीज
गंगापुर रोड, रूद्रपुर(उधमसिंहनगर)


सभी क्षेत्रवासियों को दीपावली
महापर्व और भगवान महावीर
निर्वाणोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं
माँ पदमावती स्टील
एण्ड सीमेन्ट
Deals in HR,HRPO,CRCA,
SHEETS,ERW PIPE, ANGLE etc
इण्डस्ट्रीयल एरिया,किच्छा बाईपास रोड, रूद्रपुर,
मो. 9837014366,9971290641,9742959178


अरोरा हैण्डलूम
प्रीतम अरोरा गुरदीप अरोरा
मुख्य बाजार,रूद्रपुर(उधमसिंहनगर)


सभी क्षेत्रवासियों एवं व्यापारियों
को दीपावली एवं धनतेरस
की हार्दिक शुभकामनाएं
के. एन.
अटवाल
वरिष्ठ शिक्षक नेता
एवं प्रधानाध्यापक
नानकमत्ता


सभी क्षेत्रवासियों
एवं व्यापारियों
को दीपावली
पर्व एवं धनतेरस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
दिनेश गोयल 'पप्पू'
अध्यक्ष,व्यापार मण्डल नानकमत्ता साहिब
जिला- ऊधम सिंह नगर उत्तराखण्ड


सभी क्षेत्रवासियों एवं व्यापारियों को दीपावली
पर्व एंव धनतेरस की हार्दिक शुभकामनाएं
तरसेम सिंह
व्यापार मण्डल अध्यक्ष
पद के प्रमुख दावेदार एंव
पूर्व महामंत्री व्यापार
मण्डल नानकमत्ता साहिब
जिला- ऊधम सिंह नगर


नगर पंचायत नानकमत्ता एवं सभी
क्षेत्रवासियों को दीपावली पर्व एवं
धनतेरस की हार्दिक शुभकामनाएं
पुष्पेन्द्र राणा
ग्राम प्रधान विचपुरी खैराना
ब्लाक सितारगंज
नरेन्द्र सिंह राणा
निवर्तमान सभासद
नगर पंचायत, नानकमत्ता
जितेन्द्र राणा
निवर्तमान सभासद
नगर पंचायत, नानकमत्ता
रंजीत राणा
निवर्तमान सभासद
नगर पंचायत, नानकमत्ता


सभी क्षेत्रवासियों को दीपावली पर्व
एवं धनतेरस की हार्दिक शुभकामनाएं
Bharatgas
भारत गैस घर बैठे ऑनलाईन
गैस बुक कराने की सुविधा के साथ ही होम
डिलीवरी की सुविधा उपलब्ध है
महेश गोयल
डायरेक्टर
तिरुपति गैस एजेंसी
गुरुद्वारा रोड नानकमत्ता,जिला – ऊधम सिंह नगर उत्तराखण्ड


Haier
World's No.1
Brand in Major Appliances
गुरू मॉं
This Diwali
CELEBRATE
BIG MOMENTS
SMART SENSE AI
SIDE BY SIDE REFRIGERATOR
Smart WIFI Connectivity
Smart Food Management
Smart Convertible 3Door
Deo fresh Technology
Jumbo Ice-Maker
Range available from 531 L to 712 L
DISCOVER THE FUTURE OF
LAUNDRY WITH Ai DBT
Enhanced Washing Quality
Vibration Free Performance
Removes Up To 72 Hour Old Stains
5 YEAR Complete Warranty*
30 Days Days Money Back Guarantee*
Range available from 6 KG to 12 KG
Ai DBT
INBUILT HEATER
OLED | QD MINI | QLED
POWERED BY GoogleTV
Range available from 81 cm to 2.48 m
EXCITING OFFERS
UP TO 22.5% INSTANT CASHBACK*
1 EMI OFF*
EXTENDED WARRANTY
PAY ₹1 TAKE HAIER HOME*
FIXED EMI STARTING ₹994#
DBS
pine labs
*Source Euromonitor International Limited; Consumer Appliances 2024ed, % unit share, 2023 volume sales data. | *T & C Apply. Features may vary model to model.
Time: 9 AM - 6 PM
GURU MAA ELECTRONICS
RUDRAPUR Ph.: 9690282777 84108 88888
HALDWANI Tikonia - 9997207007 Pilikothi - 8923468434
KASHIPUR Ramnagar Road Ph. 8791989500
GADARPUR Gurunanak Enterprises Ph.: 9927850999
MORADABAD Kant Road Ph.: 7500839146 Rampur Road, Ph. 9719077772
KICHHA Deepak Electronics Ph.: 7017575920
PITHORAGARH Shiv Enterprises 9760633187
LALKUAN New Radhey Communication 8923493000
HARIDWAR Jawalapur Ph.: 9761699704

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## वायुसेना के विमानों का निर्माण

आजकल किसी देश की सामरिक शक्ति का मूल्यांकन इस आधार पर किया जाता है कि उसकी वायुसेना के बेडेघ में कितने अत्याधुनिक युद्धक विमान हैं, कितनी दूर तक मिसाइलें दागने और दुश्मन की मिसाइलों को भेदने की उसकी क्षमता है। युद्ध क्षेत्र में वह कितनी तेजी से अपने सैनिकों की तैनाती कर सकता है, हथियारों और गोला-बारूद की पहुंच सुनिश्चित कर सकता है। इस मामले में भारतीय वायुसेना की सामर्थ्य लगातार बढ़ रही है। सी-295 विमानों को अपने ही देश में तैयार करने की सरकार की तैयारी इसका अगला चरण है। वायुसेना को लंबे समय से शिकायत रही है कि उसके बेड़े में युद्धक और मालवाहक विमान पुराने पड़ चुके हैं, जिसके चलते वह अपने दुश्मन को ठीक से चुनौती दे पाने में सक्षम नहीं है। इसी के मद्देनजर रफाल विमानों की खरीद की गई थी। स्वदेशी तकनीक से हथियारों के निर्माण पर बल दिया गया। अब छप्पन सी-295 विमानों के निर्माण से वायुसेना को आयुध सामग्री पहुंचाने, सैनिकों और चिकित्सा सुविध ाओं की त्वरित व्यवस्था सुनिश्चित करने में काफी मदद मिलेगी पहली बार है, जब कोई निजी कंपनी भारत में वायुसेना के लिए विमान का निर्माण करेगी। स्पेन की कंपनी एअरबस के साथ टाटा ने समझौता कर इन विमानों के निर्माण की दिशा में कदम आगे बढ़ाया है। दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने इसकी निर्माण इकाई का उद्घाटन भी कर दिया है। इस विमान की खासियत यह है कि इसे उतरने और उड़ान भरने के लिए बहुत छोटी हवाई पट्टी की जरूरत होगी। यानी दुर्गम पहाड़ी जगहों पर भी इसे उतारा जा सकता है। यह तिहत्तर सैनिकों या फिर नौ टन वजन की सामग्री लेकर उड़ान भर सकता है। इसमें आठ सौ किलोग्राम वजन के हथियार भी लगाए जा सकते हैं। यह लगातार ग्यारह घंटे तक उड़ान भर सकता है और इसमें हवा में ईंधन भरा जा सकता है। इस शृंखला के सोलह विमान स्पेन में तैयार होंगे और बाकी चालीस गुजरात के वडोदरा में बनाए जाएंगे। स्वाभाविक ही इन विमानों के वायुसेना के बेड़े में शामिल होने से सेना का मनोबल बढ़ेगा, बल्कि पड़ोसी देशों से मिलने वाली चुनौतियों से निपटने में भी काफी आसानी होगी। वायुसेना के वालवाहक विमान का निर्माण शुरू होने से भारत में आत्मनिर्भरता के नया प्लेटफार्म भी तैयार हो गया है। पहले अत्याधुनिक हथियारों को एसेंबल करने के प्रोजक्ट भी सेना की जरूरतों को पूरो करने में सक्ष साबित हो रही है। भारतीय सेना को अत्याधुनिक हथियरों से लैस करने की योजनाओं पर तेजी से कार्य करने की जरूरत है। वहीं बुलेट प्रूफ जैकेट के निर्यात पर भी निर्भरता समाप्त करना बड़ी उपलब्ध साबित होगी। सरकार की नीतियों से सेना को हर मोर्चे पर सक्षम बनाने का लक्ष्य पूर्ण होगा।

# दीपक संस्कृति की विविधता में एकता

ऊं सच्चिदानन्दरूपाय नमोस्तु परमात्मने। ज्योतिर्मयस्वरूपाय विश्वमांगल्यमूर्तये।। मनुष्य ने प्रकाशमान स्वरूप वाले विश्व कल्याण मूर्तिमान के रूप में सच्चिदानन्द अर्थात सत, चित्त और आनंदमयी परमात्मा की कल्पना की है। इस परिप्रेक्ष्य में ऋग्वेद की ऋचाओं में विश्वव्यापी ब्रह्मांड को एक महामानव अर्थात विराट पुरुष माना गया है। इस विराट पुरुष का नृत्य सूर्य है, मन चंद्रमा और उसके कान एवं प्राण वायु है। इसका मुख अग्नि, नाभि अंतरिक्ष, मस्तक द्युलोक और इसके पैर पृथ्वी हैं। इसी अलोकित ब्रह्मांडीय पुरुष से मानव समुदायों का निर्माण माना गया है। अब आधुनिक वैज्ञानिक भी मानने लगे हैं कि ब्रह्मांड के स्वरूप में जो भी कुछ है, उसी का लघु रूप मनुष्य के शरीर और मस्तक में है। इसीलिए मनुष्य ने अनवरत प्रकाशित रहने वाली ऐसी मूर्ति की कल्पना की है, जो मानव कल्याण के लिए प्रकाशमान बनी रहे। हजारों साल से भारत में प्रकाश पर्व के रूप में दीपावली मनाई जा रही है। इस लंबे कालखंड में भारत पर अनेक आक्रामण हुए। तलवार के बूते धर्म और संस्कृति बदलने के उपक्रम किए गए, लेकिन दीपावली के पर्व को रोशन करने वाली दीप संस्कृति इन बदलावों से अछूती रहती हुई आज भी भारत के सांस्कृतिक वैभव को प्रकाशित कर रही है। जिन सांस्कृतिक धरोहरों को आक्रांताओं ने खंडित करके उनके वैभव को हर लिया था, उन धरोहरों अयोध्या के राम मंदिर, वाराणसी के काशी विश्वनाथ और उज्जैन के महाकाल का सांस्कृतिक वैभव लाखों दीपकों के प्रकाश से फिर उज्जवल हो उठा है। कालांतर में इस प्रकाश के विस्तार की किरण कृष्ण जन्मभूमि को भी आलोकित करने वाली है। अतएव इस दीप पर्व पर दीपकों की विपरीत समय में भी अक्षुण्ण बनी रही संस्कृति और उसके महत्व को जानते हैं। दीपावली प्रकाश पर्व है। यानी अंधकार पर प्रकाश की विजय का पर्व है। आदिकाल से चली आ रही सांस्कृतिक यात्रा का यह त्यौहार सामाजिक जीवन में प्रसन्नता, समरसता और मंगल का प्रतीक है। इस कालखण्ड में मानव ने मिट्टी, पत्थर, काठ, मोम और धातुओं के स्वरूप में हजारों तरह के शिल्प में दीपक गढ़े हैं। शुरूआत में दीवाली की मुख्य भावना दीप दान से जुड़ी थी। प्रकाश के इस दान को पुण्य का सबसे बड़ा कर्म माना जाता था। दीपों के कलात्मक आकार में मनुष्य की कल्पना व संवेदनशील उंगलियों का इतिहास भी अंकित है। इस जगत में जीवन जीने के लिए प्रत्येक प्राणी को उजाले की जरूरत पड़घ्ती है। बिना उजाले के वह कोई कार्य सुरुचिपूर्ण ढंग से संपन्न नहीं कर पाता है। वैसे तो सबसे अधिक महत्वपूर्ण व उपयोगी प्रकाश सूर्य का है। इसके प्रकाश में ही अन्य सभी प्रकार के प्रकाश समाविष्ट रहते हैं। इसीलिए दीवाली को प्रकाश का पर्व कहा जाता है। कहा भी गया है, शुभं करोति कल्याण आरोग्यं सुख संपदम्। शत्रु बुद्धि विनाशं च दीपज्योतिः नमोस्तुते।। शुरूआती दौर में सीपियों का दीपक के रूप में उपयोग किया जाता था। इसमें रोशनी पैदा करने के लिए चर्बी डाली जाती थी और बाती के रूप में घास या कपास की ही बत्ती होती थी। इसके बाद पत्थर और काठ के दीपक अस्तित्व में आए। तत्पश्चात मिट्टी के दिए बनाए जाने लगे। कुम्हार के चाक की खोज के बाद तो मिट्टी के दीए अनूठे व आकर्षक शिल्पों में अवतरित होने लगे और ये घर-घर आलोक-स्तंभ के रूप में स्थापित हो गए। धातुओं की खोज और उन्हें मनुष्य के लिए उपयोगी बनाए जाने के बाद बड़े लोगों के घरों व महलों की शोभा धातु के दिए बनने लगे। जो वैभव का प्रतीक भी थे। स्वर्ण, कांसा, तांबा, पीतल और लोहे के दीयों का प्रचलन शुरू हुआ। इसमें पीतल के दीपकों को बेहद लोकप्रियता मिली। रामायण और महाभारत में भी 'रत्नदीपों' का उल्लेख देखने को मिलता है। कालांतर में एकमुखी से बहुमुखी दीपक बनाए जाने लगे। इनकी मूठ भी कलात्मक और पकड़ने में सुविधा जनक बनायी जाने लगी। सत्रह-अठारहवीं सदी में दीपकों को अनेक प्रकार के पशु-पक्षियों व अप्सराओं के रूप में ढाला जाने लगा। इस समय 'मयूरा धूप दीपक' का चलन खूब था। इसकी आकृति नाचते हुए मोर की तरह होती है। इसके पंजों के ऊपर बत्ती रखने के लिए पांच कटोरे बने होते हैं। मोर के ऊपर बन छेदों में अगरबत्तियां लगाई जाती हैं। राजे-रजवाड़े के कालखंड में छत से लटके दीपों का प्रचलन खूब था। ये परी, पशु, पक्षी और देवी-देवताओं की आकृतियों से सजे रहते थे। सांकल से लटके हंस और कबूतरों के पंजों पर तीन से पांच दीपक बनाए जाते थे। कालांतर में दीपकों में नायाब परिवर्तन आए। इस समय गोल लटकने वाले कलात्मक दीपक ज्यादा संख्या में बने इसके अलावा आठ कोनों वाले, गुम्बदाकार व ऐसे ही अन्य प्रकार के दीपक बनाए जाने लगे। इन दीपकों में से रोशनी बाहर झांकती थी। जब दीपक सैंकड़घें आकार-प्रकारों में सामने आ गए तो इनकी सुचारू रूप से उपयोगिता के लिए 'दीपशास्त्र' भी लिख दिया गया। जिसमें दीपक जलाने के लिए गाय के घी को सबसे ज्यादा उपयोगी बताया गया। घी के विकल्प के रूप में सरसों के तेल का विकल्प दिया गया। कपास से कई प्रकार की बत्तियां बनाने के तरीके भी दीपशास्त्र में सुझाए गए हैं। दीपावली पर देश में घी और सरसों के तेल से ही दीपक प्रज्वलित किए जाते हैं। सोलहवीं सदी में तो संगीत के एक राग के रूप में 'दीपक-राग' की भी महत्ता व उपलब्धि है। इस संदर्भ में जनश्रुति है कि संगीत सम्राट तानसेन द्वारा दीपक राग के गाए जाने पर मुगल सम्राट अकबर के दरबार में बिना जलाए दीप जल उठे थे। दीपक-राग के गाने के बाद ही तानसेन को 'संगीत सम्राट' की उपाधि से विभूषित किया गया। उज्जैन के हरसिद्धि मंदिर परिसर में दीपों के स्तंभ बने हुए हैं, जिन पर सैंकड़ों दीप एक साथ रखकर जलाए जाते हैं। प्राचीन भारतीय परंपरा में दीपक के दान से बड़ा महत्व जुड़ा है। महाभारत के 'दान-धर्म-पर्व' में दीपदान के फल की महत्ता दैत्य ऋषि शुक्राचार्य ने दैत्यराज बलि को इस प्रकार समझाई है- कुलोद्योतो विशुद्धात्मा प्रकाशत्वं च गच्छति। ज्योतिशां चौव सालोक्यं दीपदाता नरः सदा।। अर्थात, दीपकों का दान करने वाला व्यक्ति अपने वंष को तेजस्वी व समृद्धशाली बनाने वाला होता है और अंत में वह आलोकमयी लोकों को गमन करता है।

**-प्रमोद भार्गव,लेखक एवं पत्रकार हैं।**

# मतदाता सूची में एक लाख 28 हजार 277 नए मतदाताओं की हुई बढ़ोतरी : जोगदंडे

देहरादून(उद संवाददाता)। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदंडे ने निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में आज सचिवालय स्थिति मीडिया सेंटर में पत्रकार वार्ता को संबोधित किया।इस दौरान उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी विशेष संक्षिप्त पुनिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 1 जनवरी 2025 की अहर्ता तिथि के आधार पर 10 अक्टूबर 2024 तक पुनरीक्षण के अंतर्गत प्रदेश में मतदाताओं की संख्या 8371700 हो गई है। इसके साथ ही प्रदेश में 242365 नए मतदाता पंजीकृत हुए हैं, जबकि 114088 मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से कम हुए हैं। इस प्रकार कुल एक लाख 28 हजार 277 मतदाताओं की मतदाता सूची में बढ़ोतरी हुई है।अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की ओर से पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेशभर में निर्वाचक नामावली का प्रकाशन मंगलवार को कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि आगामी 28 नवम्बर 2024 तक मतदाता नामावली संबंधी दावे एवं



आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण 24 दिसंबर 2024 तक किया जाएगा जबकि नामावली का अंतिम प्रकाशन 6 जनवरी 2025 को किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनपद स्तर से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार देहरादून में सर्वाधिक 51694 मतदाता नए पंजीकृत हुए हैं वहीं ऊधम सिंह नगर में 46648 एवं हरिद्वार में 38435 नए पंजीकरण हुए हैं। जबकि न्यूनतम पंजीकरण का आंकड़ा रुद्रप्रयाग से प्राप्त हुआ है जहां 4445 नए मतदाताओं का नाम सूची में जुड़ा है वहीं चम्पावत में 5306 एवं बागेश्वर में 5342 नए पंजीकरण हुए हैं। हरिद्वार से 17086 लोगों के नाम मतदाता सूची से कम हुए हैं जबकि पौड़ी से 14130 एवं नैनीताल से 12261 नाम मतदाता सूची से हटे हैं।अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने यह भी बताया कि वर्तमान में 05 मतदेय स्थलों पर मतदाताओं की संख्या 1500 से अधिक पहुंच जाने पर प्रदेश में 05 नए मतदेय स्थल भी बनाए गए हैं।इस अवसर पर उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री किशन सिंह नेगी, सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री मस्तू दास उपस्थित रहे।

# सीएम ने 5 विषयों के लिए चयनित 108 असिस्टेंट प्रोफेसर को दिए नियुक्ति पत्र

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्य सेवक सदन में 05 विषयों के लिए चयनित 108 असिस्टेंट प्रोफेसर को नियुक्ति पत्र दिए। हिन्दी, रसायन विज्ञान, भूगोल, जन्तु विज्ञान एवं राजनीति विज्ञान विषयों के लिए चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये।मुख्यमंत्री ने कहा कि धनतेरस के पावन अवसर पर मिलने वाला यह उपहार निश्चित ही आपके जीवन में खुशियों का प्रकाश फैलाएगा। आपके जीवन में सफलता का यह दिन मेहनत, समर्पण और लगन की वजह से ही आया है। उन्होंने कहा कि अध्यापन कोई सामान्य कार्य नहीं बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले तीन सालों में प्रदेश के करीब 18 हजार 500 युवाओं को सरकारी नौकरी प्रदान की जा चुकी है। आगे भी भर्ती प्रक्रिया निरंतर गतिमान है।उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है। राजकीय महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में आधारभूत संरचनाओं का निरंतर विकास किया जा रहा है। 20 मॉडल कॉलेजों की स्थापना की जा रही है एवं महिला छात्रावास एवं आई.टी. लैब सहित परीक्षा भवनों आदि का निर्माण भी किया जा रहा है। मेधावी छात्रों को प्रतिमाह छात्रवृत्ति और शोध को बढ़ावा देने के लिए प्राध्यापकों को घ18 लाख तक का शोध अनुदान दिया जा रहा है।मुख्यमंत्री ने कहा कि षगौरव योजनाष के तहत राज्य के उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत छात्रों को बैंकिंग एवं वित्तीय त्रिस्तरीय प्रशिक्षण तथा 5000 छात्रों के प्लेसमेन्ट का लक्ष्य रखा गया है। ब्रिटेन के उप उच्चायुक्त के साथ चिवनिंग उत्तराखण्ड छात्रवृत्ति हेतु हमने समझौता किया है, जिसके तहत 5 छात्रों को मास्टर डिग्री के लिए ब्रिटेन भेजा जाएगा। इंफोसिस स्प्रिंगबोर्ड के साथ भी राज्य के उच्च शिक्षण संस्थाओं में कम्प्यूटर आधारित विभिन्न आधुनिक पाठ्यक्रम संचालन के लिए समझौता किया गया। देश के 100 एनआइ 'आरएफ श्रेष्ठ रैंकिंग वाले संस्थानों में प्रवेश लेने वाले युवाओं को घ50 हजार की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा रही है।इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, उच्च शिक्षा उन्नयन समिति के उपाध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र भसीन, प्रमुख सचिव श्री आर.के. सुधांशु, सचिव श्री पंकज पाण्डेय, अपर सचिव डॉ. आशीष श्रीवास्तव, निदेशक उच्च शिक्षा डॉ. अंजू अग्रवाल, महानिदेशक यूकॉस्ट प्रो. दुर्गेश पंत उपस्थित रहे।





# सरकार ने राज्य कर्मचारियों का बढ़ाया महंगाई भत्ता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य सरकार के कर्मचारियों को धनतेरस के मौके पर महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी और तदर्थ बोनस देने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर शासन ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं।राज्य सरकार ने 14 मार्च, 2024 को एक आदेश जारी किया था, जिसके तहत 7वें वेतनमान के सरकारी कर्मचारियों को 1 जनवरी, 2024 से 50% महंगाई भत्ता देने की मंजूरी दी थी। इसके बाद भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के एक आदेश के अनुसार इसे 1 जुलाई, 2024 से बढ़ाकर 53% कर दिया है। ये भत्ता सभी नियमित, पूर्णकालिक, कार्यप्रभारित कर्मचारी और यूजीसी से जुड़े पदाधिकारियों को मिलेगा। हालांकि उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों सहित कुछ अन्य श्रेणियों के कर्मचारियों पर ये आदेश लागू नहीं होंगे। उनके लिए अलग से आदेश जारी होंगे। एक जुलाई 2024 से 30 सितंबर 2024 तक के महंगाई भत्ते के बकाया का भुगतान नकद में किया जाएगा। एक अक्टूबर 2024 से भत्ता नियमित वेतन में जोड़ दिया जाएगा।2023-24 के लिए राज्य के गैर-राजपत्रित कर्मचारियों, सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थानों, स्थानीय निकायों, जिला पंचायतों, और दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को तदर्थ बोनस का लाभ मिलेगा। ये बोनस 30 दिनों का होगा और अधिकतम 7000 तक की सीमा में दिया जाएगा। बोनस का लाभ उन कर्मचारियों को मिलेगा, जो 31 मार्च 2024 को सेवा में थे और जिन्होंने कम से कम 6 महीने की सतत सेवा की हो। 6 महीने से 1 साल तक की सेवा वाले कर्मचारियों को उनके सेवा अनुपात के हिसाब से बोनस दिया जाएगा। कैजुअल और दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को भी इस बोनस का लाभ मिलेगा, बशर्ते उन्होंने पिछले 3 वर्षों में हर साल कम से कम 240 दिन कार्य किया हो। ऐसे कर्मचारियों का बोनस 1184 होगा। हालांकि, विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई या आपराधिक मामलों में दोषी पाए जाने वाले कर्मचारियों को बोनस का लाभ नहीं मिलेगा। यदि किसी कर्मचारी को निलंबन के बाद बहाल किया गया है, तो वह बोनस के लिए पात्र होगा। आर्थिक रूप से कमजोर निकायों के कर्मचारियों का बोनस उनके निकाय द्वारा स्वयं वहन किया जाएगा, जिसमें सरकार की ओर से कोई अनुदान नहीं मिलेगा।

# बड़े पैमाने पर पनप रहा है कच्ची शराब का धंधा

## आबकारी की गतिविधियां संदेश के घेरे में,रमपुरा में हजारों लीटर शराब की हो रही खपत

काशीपुर(उद संवाददाता)। जहरीली कच्ची शराब के लिए कुख्यात आईटीआई थाना क्षेत्र के अलावा कुंडेश्वरी चौकी क्षेत्र के तमाम इलाकों में पुलिस टीम को कच्ची शराब व शराब कारोबारी नहीं मिल रहे हैं। कार्यवाही के नाम पर लगातार लहन नष्ट कर खुद की पीठ थपथपाने का काम किया जा रहा है। सूचना है कि दोनों ही इलाकों में बड़े पैमाने पर अवैध कच्ची शराब बनाया और बेची जा रही है। गौरतलाप है कि पुलिस वह आबकारी की गलत नीतियों के कारण आईटीआई थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव खाई खेड़ा कनकपुर छोटी बरखेड़ी बड़ी बरखेड़ी वीरपुर कटैया गिन्नीखेड़ा आदि गांवों के अलावा कुंडेश्वरी चौकी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाला रमपुरा कच्ची शराब के लिए कुख्यात है। इसके अलावा चौकी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कोसी नदी के तट से सटे जंगली इलाकों में भी दर्जनों स्थानों पर बड़े पैमाने पर अवैध कच्ची शराब बनाएं तथा बेंचें जाने की सूचना है। सूत्रों का कहना है कि उपरोक्त गांव से प्रतिदिन हजारों लीटर जहरीले कच्ची शराब महफूज ठिकानों को सप्लाई की जाती है। सूत्रों का यह भी कहना है कि जरा एवं कारोबार की एवज में आबकारी तथा स्थानीय पुलिस को सुविधा शुल्क के रूप में मोटी रकम दिया जाता है। उपरोक्त गांवों में जब भी पुलिस अथवा आबकारी टीम कार्यवाही करती है जरायम कारोबार में लिप्त लोगों को इसकी पहले ही भनक लग जाती है और वह कानून से खुद को सुरक्षित कर लेते हैं। उपरोक्त गांव में जहरीली कच्ची शराब का गैर कानूनी कारोबार कुटीर उद्योग के रूप में जड़ जमा चुका है। गांव के दर्जनों परिवारों का जीवन यापन लगभग इसी पर आश्रित है। मजे की बात यह है कि जहरीली कच्ची शराब पीकर अब तक दर्जनों जिंदगियां मौत के मुंह में चली गई और अनगिनत परिवार भुखमरी के कगार पर है लेकिन इसके बावजूद भी कच्ची शराब को लेकर ना तो जन जागरूकता देखने को मिली और ना ही प्रशासन ने कार्यवाही के नाम पर अपना फंडा बदला। आज भी काशीपुर कुंडा तथा आईटीआई थाना क्षेत्र में अवैध कच्ची शराब को समूल खत्म करना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती है।







# फायरिंग में मास्टरमाइंड और शूटर समेत पांच गिरफ्तार

रूड़की। रुड़की सिविल लाइंस कोतवाली के नगला इमरती में खनन कारोबारी पर फायरिंग करने के मास्टरमाइंड और शूटर समेत पांच लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इनके कब्जे से घटना में शामिल बाइक और तमंचा भी बरामद किया है। मामले में पुलिस एक शूटर को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। जबकि दो शूटर अभी भी फरार हैं। खनन के वर्चस्व को लेकर खनन कारोबारियों को डराने के लिए यह हमला कराया गया था। शूटरों को खनन में हिस्सेदारी का लालच देकर अपने साथ शामिल किया था। बता दें कि बहादराबाद थाना क्षेत्र के शांतरशाह निवासी गुलाम साबिर और उसका भाई सलमान खनन करोबारी हैं। लंढौरा क्षेत्र में प्रशासन से अनुमति लेकर दोनों भाई खनन का कारोबार कर रहे हैं। 20 अक्तूबर की शाम को नगला इमरती बाईपास के निकट बाइक सवार चार नकाबपोश बदमाशों ने गुलाम साबिर पर फायरिंग कर दी थी। गुलाम साबिर और उसका भाई तो बाल बाल बच गया था, लेकिन हमले में एक राहगीर वारिश निवासी गाधारौना घायल हो गया था। बदमाशों ने थार कार को भी गोलियों से छलनी कर दिया था। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। 23 अक्तूबर को बहादराबाद क्षेत्र में पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान नितिश कुमार निवासी गंगनोली, लक्सर को गिरफ्तार किया था। जिसके बाद अन्य के नाम सामने आए थे। प्रभारी निरीक्षक ने इस मामले में सुधीर निवासी कुंआखेड़ा लक्सर को गिरफ्तार किया था। जिसने बताया कि वह और मुर्सलीन निवासी इक्कड खुर्द थाना पथरी, हसनुज्जमा और आरिफ निवासी कस्बा लंढौरा कोतवाली मंगलौर खनन कारोबारी हैं। सुधीर ने बताया था कि उसके साथियों ने बताया था कि गुलाम साबिर की वजह से उनका काम ठप हो गया है। यदि वह इन्हें डराकर यहां से भगा देते हैं तो फिर खनन का सारा काम उनका हो जाएगा। जिसके बाद सुधीर ने प्रीतम उर्फ कल्लू निवासी कुआखेड़ा को इसके लिए तैयार किया। जिसके बाद कल्लू ने अपने साथी नितिश और दो अन्य शूटर तैयार किए। इसके बाद इन्होंने खनन कारोबारी को डराने के लिए उस पर फायरिंग की थी। सुधीर से पूछताछ के बाद पुलिस ने शूटर प्रीतम उर्फ कल्लू हसनुज्जमा आरिफ और मुर्सलीन को भी गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया अभी दो शूटर और फरार हैं।



# प्रदेश में महंगी बिजली मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मांगा यूजेवीएनएल से जवाब

देहरादून। प्रदेश में बिजली महंगी होने के मामले में यूजेवीएनएल की याचिका के खिलाफ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने निगम और नियामक आयोग से तीन सप्ताह में जवाब मांगा है।यूजेवीएनएल ने पावर डेवपलमेंट फंड और इसके ब्याज के लिए 2500 करोड़ रुपये की मांग की थी। इस मामले में नियामक आयोग से निराशा मिलने के बाद यूजेवीएनएल प्रबंधन ने विद्युत अपीलीय न्यायाधिकरण (एपीटीईएल) का दरवाजा खटखटाया था। न्यायाधिकरण ने यूजेवीएनएल के हक में फैसला देते हुए कहा था कि नियामक आयोग इस फंड की व्यवस्था कराए। 2008 में मनेरी भाली-2 शुरू हुई थी। यूजेवीएनएल की मांग है कि मूल रिटर्न व इक्विटी 850 करोड़ पर ब्याज समेत 2500 करोड़ की जरूरत है। इसी माह नियामक आयोग ने इस मामले में जनसुनवाई की थी। इसी दौरान इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करने की जानकारी दी थी। यूजेवीएनएल के एमडी संदीप सिंघल ने बताया कि मामले में सुप्रीम कोर्ट ने तीन सप्ताह में जवाब मांगा है। निगम अपना जवाब तैयार कर रहा है। उधर, नियामक आयोग से भी जवाब मांगा गया है। फिलहाल नियामक आयोग ने जनसुनवाई पर अपना निर्णय रोका हुआ है। बताया जा रहा है कि अगर एक साथ 2500 करोड़ की वसूली की जाएगी तो उपभोक्ताओं के लिए बिजली के दाम 25 प्रतिशत बढ़ जाएंगे।

# चौथी बार मिली फ्लाइटों में बम होने की झूठी धमकी

देहरादून। देहरादून एयरपोर्ट पर आने वाली फ्लाइटों में बम होने की धमकी देने का सिलसिला थम नहीं रहा। एक माह में चौथी बार मंगलवार को इंडिगो की दो अलग अलग शहरों की फ्लाइटों में बम होने की धमकी दी गई। जिसे नॉन स्पेसिफिक थ्रेट घोषित कर तीनों फ्लाइटों की सुरक्षा एजेंसियों ने जांच की। जांच में कोई बम नहीं पाया गया। जिसके बाद तीनों फ्लाइटों ने अपने संबधित शहरों के उड़ान भरी। मंगलवार शाम करीब 5:40 बजे अज्ञात व्यक्ति द्वारा एक्स के माध्यम से लखनऊ से जौलीग्रांट आने वाली फ्लाइट 6ई 618 और मुंबई से जौलीग्रांट आने वाली 6ई 953 शामिल थी। जिसमें लखनऊ से जौलीग्रांट आने वाली फ्लाइट 6ई 618 जौलीग्रांट पहुंचने के बाद बम की सूचना मिलने तक 177 हवाई यात्रियों को लेकर लखनऊ के लिए उड़ान भर चुकी थी। मुंबई से जौलीग्रांट आने वाली फ्लाइट संख्या 6ई953 शाम 6:17 बजे जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंची। जिसमें फ्लाइट में 177 यात्री सवार थे। एयरपोर्ट पर बीएटीएस टीम द्वारा बम की धमकी को नॉन स्पेसिफिक थ्रेट घोषित करने के बाद जांच आदि कर पैसेंजरों को आगे रवाना किया गया। फ्लाइट की जांच में सीआईएसएफ, बीडीडीएस टीम को जांच में कोई बम नही मिला। सूचना एक बार फिट झूठी निकली। देहरादून एयरपोर्ट पर अक्टूबर माह में अब तक चौथी बार फ्लाइटों में बम होने की धमकी दी गई है। 15 अक्तूबर को एलाइंस एअर के विमान में, 22 अक्टूबर को इंडिगो के विमान में, सोमवार को तीसरी बार विस्तारा के कुल तीन विमानों में और मंगलवार को इंडिगो के दो विमानों में एक्स से बम की धमकी दी गई है। पिछली तीनों धमकियों को लेकर डोईवाला पुलिस में मुकदमें भी दर्ज किए जा चुके है।

# प्रधान पर हमला करने वालों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज

रूद्रपुर (उद सवाददाता)। विगत रात्रि निकटवर्ती ग्राम लम्बा खेड़ा में ग्राम प्रधान विक्रम सिंह पर जानलेवा हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर देने वाले आरोपियों के विरूद्ध पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। दर्ज रपट में राम सिंह पुत्र फूल सिंह निवासी ग्राम जाफरपुर ने कहा है कि 27 अक्टूबर की रात्रि उसका भाई ग्राम प्रधान विक्रम सिंह खाना खाकर घर के बाहर टहलने के लिए निकला था। तभी 3 से 4 व्यक्तियों द्वारा जान से मारने की नियत से गोल्डी की चक्की के पास जान से मारने की नियत से उन पर जान लेवा हमला कर दिया। उन्होंने भाई के हाथ पर तलवार मारी जिसे उसका हाथ कट कर लटक गया उसके बाद टांग पर लोहे की सरिया अन्दर घुसा दी, कन्धे पर दाव मारा। जिसकी वजह से प्रार्थी का भाई लहुलहान होकर बेहोश होकर जमीन पर गिर गया। उसको मरा हुआ जान कर छोड़कर उक्त लोग मौके से फरार हो गयें। घटना उकी सूचना मिलने हम लोग मौके पर पहुंचे और विक्रम सिंह को पास के निजी अस्पताल लेकर गयें जहाँ डाक्टरों ने हालत को गम्भीर बताते हुऐ सरकारी अस्पताल रूद्रपुर रेफर कर दिया। भाई सरकारी अस्पताल में भर्ती है जिनकी हालत काफी गम्भीर बनी हुई है। जहाँ डाक्टरो द्वारा उसका इलाज किया जा रहा है। राम सिंह का कहना है कि उसे पूरा विश्वास है उसके भाई से रंजिश रखने वाले ग्राम लम्बाखेडा निवासी निजाकत पुत्र अमीर हुसैन, इस्लाम नबी पुत्र बिंदा, रेहान पुत्र नवाब व इनके साथियो द्वारा जान लेवा हमला किया गया है या करवाया गया है। पूर्व में कई बार उपरोक्त लोग भाई को जान से मारने की धमकी दे चुके है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पेज एक का शेष...

**दुकानों से हजारों...**मंगलवार रात चोरों ने दुकान में धावा बोलकर सीटीवी कैमरों के तार काट दिये और डीवीआर से भी छेड़छाड़ की। चोर दुकान से हजारों रूपये का ामान चोरी कर ले गये। दुकान स्वामी ने बताया कि गोदाम से महंगी टोटियां व अन्य सामान पहले ही हटा दिये थे, जिसके चलते महंगा सामान चोर नहीं ले जा पाये। सूचना पर बाजार चौकी पुलिस ने मौका मुआयना कर दुकान स्वामी से घटना के बारे में जानकारी ली। साथ ही व्यापार मण्डल अध्यक्ष संजय जुनेजा सहित कई व्यापारी नेताओं ने भी मौका मुआयना कर घटना की जानकारी ली और पुलिस ने खुलासे की मांग की।

**एसएसपी ने काशीपुर में...**जनता से पुलिस को सहयोग की अपील किया। इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी के अलावा कोतवाल विक्रम राठौर, ट्रैफिक इंस्पेक्टर जितेंद्र पाठक अग्निशमन विभाग के अधिकारियों के अलावा सिटी पेट्रोल यूनिट के अधिकारी व जवान मौजूद रहे।

**तेदुए के हमले में...**मिलते ही भाजपा प्रदेश कार्यकारणी सदस्य बिरेंद्र बोहरा ने जिला चिकित्सालय पहुंचकर घायलों का हाल जाना और डीएफओ से वार्ता कर मुआवजा देने की मांग की। तेंदुए के हमले की सूचना के बाद वन विभाग की टीम गांव पहुंची। घटना से ग्रामीणों में दहशत है।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# प्रदेश में में बीयर का उत्पादन और निर्यात में भारी बढ़ोतरी

देहरादून। उत्तराखंड जैसे ठंडे प्रदेश में बनने वाली व्हिस्की, वोदका या रम की गरमाइश भले ही देशभर के लोगों को लुभाती हो लेकिन इस रेस में घनघोर ठंडी बीयर ने तेजी से बढ़त बनाई है। यहां की बीयर का स्वाद देश से लेकर विदेशों तक जुबान पर चढ़ रहा है। आबकारी विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, राज्य में हाल में बीयर का उत्पादन शुरू हुआ है। इस संबंध में इस वित्तीय वर्ष में अप्रैल से अक्तूबर के आकड़ें बता रहे हैं कि पिछले सात महीनों में 80 हजार से अधिक बीयर की पेटियों का निर्यात हो चुका है। बीयर का उत्पादन राज्य में लगातार बढ़ाया जा रहा है। भगवानपुर में नया बीयर प्लांट स्थापित किया गया है, जिससे इसी साल उत्पादन शुरू हुआ है। उससे भी राजस्व में वृद्धि हुई है। राज्य के अलग-अलग हिस्सों में बीयर के तीन प्लांट खुल चुके हैं। वित्त से प्राप्त आकड़ों के मुताबिक, वित्तीय वर्ष 2024-25 में अप्रैल से लेकर 28 अक्तूबर के बीच 2540 करोड़ का राजस्व हासिल किया जा चुका है, जो कि 2023-24 की इसी समयावधि की तुलना में 98 करोड़ रुपये अधिक है। इस वित्तीय वर्ष में विभाग का सालाना लक्ष्य 4439 करोड़ रखा है। उस लिहाज से आज की तारीख तक 2540 करोड़ का राजस्व मिल चुका है। इसमें बीयर के साथ विदेशी मदिरा के उत्पादन और निर्यात का भी बड़ा हिस्सा है। बीते सात महीनों में तीन लाख से अधिक पेटियां विदेशी मदिरा की निर्यात हो चुकी हैं। आबकारी आयुक्त हरिचंद्र सेमवाल के अनुसार राज्य में बीयर का उत्पादन और निर्यात बढ़ा है, जिससे बीयर के जरिए राजस्व प्राप्ति में भी तेजी से वृद्धि हुई है। इसके अलावा आबकारी नीति 2024 के पारदर्शी तरीकों और राज्य में अवैध शराब पर अंकुश के चलते भी निर्धारित लक्ष्य के अनुसार बढ़त मिली है।

# 31 अक्टूबर को दीपावली का सार्वजनिक अवकाश

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखंड में दीपावली पर्व पर शासन ने एक नवंबर को नहीं बल्कि 31 अक्टूबर को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। मंगलवार शाम शासन ने इसे लेकर आदेश भी जारी कर दिए हैं। उत्तराखंड शासन ने 31 अक्टूबर राजकीय अवकाश का आदेश जारी कर दिया है। इसके साथ ही आदेश में साफ कहा गया है कि एक नवंबर को सरकारी कार्यालय खुले रहेंगे। बता दें इस बार दीपावली पर सरकारी अवकाश एक नवंबर को तय था। लेकिन दिवाली की तारीख को लेकर असमंजस की स्थिति कर्मचारियों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई थी। सार्वजनिक अवकाश का आदेश जारी होने के बाद अब स्थिति स्पष्ट हो गयी है।



संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)




## इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान, जहाँ विश्वास है विश्वास का साथ।
## हर ख्वाब को साकार करें, गुरु माँ के साथ

23% कैश बैक

अब LED TV मात्र ₹990 की मासिक किस्त में घर लायें

50% तक की छूट

1 आप फायनांस कराएं किस्त हम देंगे

0 ब्याजमुक्त फाइनेंस पर

मनपसंद उत्पाद घर ले जाएं शेष राशि आसान ब्याज मुक्त मासिक किस्तों पर सुरक्षा

BAJAJ FINSERV | HDB FINANCIAL SERVICES | HDFC BANK | SAMSUNG Finance+

गुरू मां उत्पादों पर अतिरिक्त वारंटी @290/- से

FAST DELIVERY आज का आज ! सबसे तेज डिलीवरी एवं इंस्टॉलेशन

पुराना लाएं नया ले जाएं पुराने की अच्छी कीमत पर

### सभी प्रतिष्ठित ब्रांड एक ही छत के नीचे उपलब्ध

SAMSUNG, Whirlpool, SONY, IFB, VOLTAS, BOSCH, Haier, DAIKIN, MITSUBISHI ELECTRIC, AMSTRAD, SANSUI, PHILIPS, dyson, FABER, BLUE STAR, USHA, TOMASHI, Symphony, EUREKA FORBES, KENT, DELL, hp, JBL

### जैसे आपकी ख्वाहिशें, वैसी हमारी सेवाएं, सपनों को साकार करें

# GURU MAA ELECTRONICS

-रूद्रपुर-
काशीपुर बाईपास (9690282777, 9756233166)
सिविल लाईन्स (9927882338), सोनी सेन्टर (9917170230)

-काशीपुर-
रामनगर रोड (8791989500)
चीमा चौराहा (9927813555

RUDRAPUR | HALDWANI | KASHIPUR | GADARPUR | MORADABAD | KICHHA | PITHORAGARH | LALKUAN | HARIDWAR

# ईशा ट्रेडर्स

महासेल Upto 50%

Since 2004

हमारे यहाँ दिल्ली से कम रेटो पर वॉलपेपर उपलब्ध है।
पी.वी.सी. पेनल, वालपेपर, डब्लू.पी.सी. लूर्वस पी.यू. मार्बल शीट, यू.वी. शीट व सभी प्रकार के इंटीरर्यर एवं एक्सटीरर्यर मटेरियल इत्यादि
दीपावली के शुभ अवसर पर भारी छूट


आर्टफिशयल घास


पी.यू. मार्बल शीट


वालपेपर


यू. वी. शीट

सम्पर्क सूत्रः- 98971-57000, 82720-57000, 63956-24270
पताः- एस. आर. ए. डी-काशीपुर बाईपास रोड, पुलिस चौकी के सामने, निकट सिटी क्लब, रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) 263153 (उ.खं.)